Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

नियमित मासिक प्रकाशन के पन्द्रह वर्ष पूर्ण

Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org

अंक :180 | स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष | मार्च 2017

## आर्थिक सहयोग

● **सदस्य वार्षिक सहयोग** –श्री राजेन्द्र बया– रु.4000/–; श्रीमती मंजु पानेरी; डॉ.बी.एम.दीक्षित; श्रीमती विमला कोठारी; डॉ. के.एल. कोठारी; श्री पवन कोठारी; श्री पराग कोठारी; श्रीमती रेणु धाकड़; श्रीमती लीना जैन; श्रीमती मोनिका कोठारी (प्रत्येक से रु.1,000 प्राप्त हुए।)

● **विशेष सहयोग**- अध्यक्ष राजस्थान विधान सभा– रु.10,000/–; जानकी देवी रुंगटा चेरीटेबल ट्रस्ट – रु.1,100/–

● **छात्रवृत्ति कोष** - श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य (JMKM) ट्रस्ट – 9000/–; डॉ.सोमेन्द्र कविराज – 6000/–; श्री भूपेन्द्रसिंह मेहता – 5000/–; डॉ. साकेत आर्य; श्री ओम प्रकाश कविराज एवं मै. आर्याज पब्लीशर्स डिस्ट्रिब्युटर्स प्रा. लि. (प्रत्येक से रु. 2000/–प्राप्त हुए।)

●**लहर प्रकाशन** - श्रीमती विमला कोठारी रु. 3600/–

---

**संशोधन**- डॉ. यशवन्त कोठारी चैरीटेबल ट्रस्ट – गत माह में 14000/– रू. के बजाय 1400/– ही लिखे गये। त्रूटि के लिए क्षमा।

---

## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान : मार्च अंक के लेख- घटते जलीय पक्षी व हमारा दायित्व (उदयपुर के संदर्भ में); विलुप्त हो रही पादप प्रजातियाँ (राजस्थान के संदर्भ में); पाचन क्रिया में अग्नाशय (पैन्क्रियाज़) की भूमिका; पृथ्वी का गर्भ : रत्नों की खान**

## एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम

### आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम -

● दिनांक 3 मार्च – **श्री मुनीश गोयल** तथा **डॉ. आर. एस. राठौड़** देवाली गये। **श्री घीसूलाल मेघवाल** भी उपस्थित थे। **श्री इंदरसिंह** अध्यक्ष ग्राम समिति के निवास पर बैठक आयोजित हुई जिसमें ग्राम विकास समिति के कई लोग उपस्थित थे। 16 फरवरी को जो वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, लगाई उसको देखा गया। **श्री इंदरसिंह** को सुझाव दिया कि एक और बड़ी यूनिट लगाएं। **श्री घीसूलाल मेघवाल** के यहाँ नई यूनिट लगाई, दोनों को आवश्यक सुझाव दिये जिसमें छाया करना, समय–समय पर पानी देना महत्त्वपूर्ण है। बैठक में उपस्थित लोगों ने भिण्डी, ग्वार, मूंग के उन्नत बीजों की माँग की। जो शीघ्र भेजना तय हुआ।

●**दिनांक 14 मार्च** – एमपीयूएटी के कुलपति **प्रो. उमाशंकर शर्मा** ने अपने अधीनस्थ सभी अधिष्ठातागण एवं सभी निदेशक महोदयों को पत्र लिखकर उन्हें आग्रह किया कि सभी विभागाध्यक्षों से विचार–विमर्श कर इस गाँव के विकास के लिये 10 अप्रैल तक अपने–अपने प्रस्ताव भेजें जिन पर आगे विचार–विमर्श कर कार्यक्रम बनाया जा सके।

●**24 मार्च** – विज्ञान समिति से **डॉ. के एल कोठारी**, एमपीयूएटी से **डॉ. एच.के. सुमेरिया** सोरगम प्रोजेक्ट तथा **श्री घीसूलाल** एवं **श्री कैलाश** गये। कम्यूनिटी सेन्टर पर ग्राम विकास समिति के 10 सदस्यों से चर्चा हुई। **डॉ. सुमेरिया** ने बताया कि वो शीघ्र ही चरि ज्वार (cofs29) के पाँच डिमोन्स्ट्रेशन एक–एक किलो के भेजेंगे। उनको एक–एक बीघे में बोना है। इसके लिए पाँच किसानों का चयन किया गया। भिण्डी के हाईब्रिड बीज के 250–250 ग्राम के बॉक्स(कीमत 250 रु.) दुकानदार से खरीदे। **श्री भँवर सिंह** ने एक डिब्बा खरीदा बाकी किसान पहले बो चुके थे। विज्ञान समिति की ओर से ग्वार,लौकी, तरोई के बीज 8 व्यक्तियों में निःशुल्क वितरित किये गये। **डॉ. सुमेरिया** ने बुवाई, खाद आदि के बारे में पूरी जानकारी दी इसके अलावा मूँगफली के दो डिमोन्स्ट्रेशन दिये जिसके लिये 25–25 किलो के बीज मूँगफली योजना से आये थे। **श्री इंदरसिंह** एवं **श्री घीसूलाल** की वर्मी कम्पोस्ट की इकाइयाँ देखी। **श्री इंदरसिंह** के यहाँ केचुओं की संख्या काफी कम थी, **श्री घीसूलाल** को और केंचुए आरसीए से लाकर देने को कहा तथा **श्री इंदरसिंह** को पानी और छाया का उत्तम प्रबन्ध करने की राय दी। बैठक में प्राप्त सुझाव– (1.) युवक–युवतियों के लिए एक कम्प्यूटर प्रशिक्षण

सम्पादन-संकलन : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव

आयोजित किया जाए। (2.)सोलर उपकरणों की भी एक प्रदर्शनी लगाई जाये। (3.) फल–पौधों की कलम करने के तरीके सीखने के लिये गाँव के किसानों की एक विजिट होर्टीकल्चर फार्म पर आयोजित की जाए।

● **25 मार्च – श्री घीसूलाल ने इन्दरसिंह** को केंचुए का नया पैकेट दिया।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की बैठक 10 मार्च को आयोजित हुई। 65 महिलाएँ सम्मिलित हुई। **डॉ.के एल कोठारी** ने अपने उद्‌बोधन में महिलाओं को निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

●**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** 20 मार्च को शीतला सप्तमी के कारण कार्यक्रम 22 मार्च को आयोजित हुआ। होली और गणगौर के त्यौहार होने से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। ड्रेसकोड पीला रंग था। कार्यक्रम के अंत में **श्रीमती सुमन सिसोदिया** के आकस्मिक देहावसान पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन **श्रीमती शकुंतला धाकड़, अरुणा जावरिया व श्रीमती पुष्पा गुप्ता** ने किया।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** विज्ञान समिति में 31 मार्च को आयोजित ग्रामीण महिला चेतना शिविर में चन्देसरा एवं देवाली गाँव एवं उदयपुर की 18 महिलाएं सम्मिलित हुई। सदस्यों द्वारा प्रार्थना से शिविर प्रारम्भ हुआ। सृष्टि के नव सृजन के उत्सव का महत्व (नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में) **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने समझाया।

**डॉ. के.एल. कोठारी** की विशिष्ट वार्ता हुई जिसमें– देश के त्योहारों, स्वास्थ्य, राजस्थान दिवस पर राजस्थान की जानकारी, जीवन पच्चीसी के मुख्य बिन्दुओं, तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के सम्बन्ध में वार्ता दी।

**श्री प्रकाश तातेड़** ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से सभी का ज्ञानवर्द्धन किया। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने गणगौर त्यौहार– व उनकी उत्तर भारत की यात्रा के संस्मरण बताये। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने विज्ञान समिति के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी दी। **श्रीमती रेणु भण्डारी** ने लहर की सामग्री पर सदस्याओं से चर्चा की, लहर का वितरण किया एवं महिलाओं को लिखने के लिए भी प्रेरित किया।

**श्रीमती मंजुला शर्मा** ने मिर्च का अचार बनाना तथा **श्रीमती निर्मला राव** ने मक्का की पापड़ी, सेव एवं आलू के चिप्स बनाना सिखाया। जलपान कराया गया एवं यात्रा भत्ता दिया गया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। मार्च माह में 10 शिविर हुए जिसमें 210 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में पैंतालीसवां शिविर दिनांक 19 मार्च 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल.जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ; **डॉ. अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** के दंत रोग विशेषज्ञ **डॉ. शिवम शर्मा** एवं उनकी टीम, **श्री मुर्तजा हुसैन एवं श्री कमलेश शर्मा**–ब्लड शुगर जांच; **श्री बी.एल.पोखरना, ललित पोरवाल एवं श्री ए.एल. डांगी** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 24 नागरिकों का (13 सामान्य, 15 हृदय, 14 मधुमेह, 9 अस्थि रोग, 3 ईएनटी, 1 नेत्र रोग, 4 दंत रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 5 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **छियालीसवां शिविर 16 अप्रेल 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

● दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की दिनांक 11 मार्च 2017 की बैठक में **डॉ. देव कोठारी** ने **आर्थिक सूचिता और जैन धर्म** पर वार्ता प्रस्तुत की। **डॉ. पारसमल अग्रवाल, डॉ. प्रेमसुमन जैन** व अन्य सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। इस बैठक में उपस्थिति लगभग 20 लोगों की थी।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

इस माह प्रकोष्ठ कार्यक्रम आयोजित न हो सका।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का 41 वां अंक (मार्च 2017) प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

## अन्य बिन्दु

● **सभागारों का रंगरोगान – मैडम क्यूरी सभागार** का रंगरोगान हुआ, बाद में **डॉ. डी एस कोठारी सभागार** एवं **पन्नाधाय सभागार** का भी रंगरोगन हुआ है। यह कार्य **डॉ. के एल तोतावत** एवं **श्री आर.के. खोखावत** की देखरेख में हो रहा है।

● **नवीन प्रकाशन –** सामान्य ज्ञान एवं बुद्धि विकास सम्बन्धी लगभग 400 प्रश्नों की एक 16 पृष्ठीय पुस्तिका '**ज्ञानोदय प्रश्नमाला**' का प्रकाशन समिति द्वारा किया गया है। इस पुस्तिका का लेखन **श्री प्रकाश तातेड़** ने किया।

## सदस्यों सबंधी

● हमारे उपाध्यक्ष **डॉ. के.एल. तोतावत** के सुपौत्र **पल्लव तोतावत** को गीतांजली इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज द्वारा 7 फरवरी 2017 को आयोजित Excellence Award Ceremony (EAC) में एकेडेमिक्स के लिए Recognize करते हुए सर्टिफिकेट एवं उच्च शिक्षा हेतु 11000 रुपयों की छात्रवृत्ति का कूपन दिया। हार्दिक बधाई।

● हमारे सदस्य **श्री केसरसिंह जी नाहर** गत 2 माह से अस्वस्थ चल रहे हैं, वर्तमान में अपने घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। गीतांजलि में डायलिसिस भी होता रहता है। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामना।

● हमारे सदस्य **डॉ. बी.एल. चावत** अपनी स्पाईनल कोड के अहमदाबाद में ऑपरेशन के पश्चात् लगभग पूर्ण स्वस्थ हैं। अब बाहर भी निकलने लगे हैं। हार्दिक बधाई!

● हमारे निदेशक **प्रो. जे एन कविराज** ने एक स्नेह भोज बोहरा गणेश परिसर में 18 मार्च को आयोजित किया जिसमें समिति के कई सदस्यों ने भाग लिया।

● महावीर जैन परिषद के तत्वावधान में सन् 2016 में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता के परिणाम में विज्ञान समिति के सहसचिव **श्री राजेन्द्र खोखावत** ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हार्दिक बधाई

● हमारी सदस्या **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** को दस वर्ष से` योग का निःशुल्क प्रशिक्षण देने पर 8 मार्च 2017 को **''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस''** पर पतंजली योगपीठ, आयुर्वेद विभाग, नगर निगम व वेदान्ता ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। हार्दिक बधाई।

● हमारे सदस्य **डॉ. सुजान सिंह** को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स संगठन में 24 सितम्बर 2016 को उत्तर प्रदेश में **मेडल ऑफ मेरिट के स्टेट अवार्ड** तथा राजस्थान में 22 फरवरी 2017 को **मेडल ऑफ मेरिट स्टेट अवार्ड** से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 21 मार्च 2017 को राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में राष्ट्रीय निदेशक **डॉ. के. सुकुमारा** तथा संयुक्त निदेशक **श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव** ने सम्मानित किया। हार्दिक बधाई।

## श्रद्धांजलि

**हमारी संरक्षक सदस्याएं श्रीमती लीला जी सुराणा, श्रीमती विमला जी कोठारी एवं श्रीमती चन्द्रा जी भण्डारी के भाई श्री चन्द्रसिंह जी खमेसरा का आकस्मिक निधन 2 मार्च रात्रि में हो गया। वे एक सज्जन एवं मिलनसार व्यक्ति थे।**



**हमारे दो दशक से सक्रिय सदस्य पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. के एल मेनारिया का आकस्मिक निधन 27 मार्च सायंकाल हो गया, वे 80 वर्ष के थे।अत्यंत सज्जन, अध्यापन, अनुसंधान को समर्पित व्यक्ति थे। विज्ञान समिति के कई कार्यक्रमों में उनका सक्रिय योगदान रहा, समिति ने उनके सम्मान में स्मृति सभा का आयोजन दिनांक 30 मार्च 2017 को किया। कई सदस्य दाह संस्कार एवं उठावणे में भी सम्मिलित हुए।**

## सब दोस्त थकने लगे हैं

साथ साथ जो खेले थे बचपन में
वो सब दोस्त अब थकने लगे हैं
किसी का पेट निकल आया है
किसी के बाल पकने लगे हैं



सब पर भारी जिम्मेदारी है
कोई छोटी मोटी बीमारी है
दिन भर जो भागते दौड़ते थे
वो अब चलते चलते रूकने लगे हैं
उफ क्या कयामत है
सब दोस्त थकने लगे हैं

किसी को लोन की फिक्र है
कहीं हेल्थ टेस्ट का जिक्र है
फुर्सत की सभी को कमी है
आँखों में अजीब सी नमी है
कल जो प्यार के खत लिखते थे
आज बीमे के फार्म भरने में लगे हैं
उफ क्या कयामत है
सब दोस्त थकने लगे हैं



देख कर पुरानी तस्वीरें
आज जी भर आता है
क्या अजीब शै है ये वक्त भी
किस तरहा ये गुजर जाता है
कल का जवान दोस्त मेरा
आज अधेड़ नजर आता है
कल के ख्वाब सजाते थे जो कभी
आज गुजरे दिनों में खोने लगे हैं
उफ क्या कयामत है
सब दोस्त थकने लगे हैं

स्रोत– इंटरनेट

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**April**

| | |
|---|---|
| Sh. Prakash Tater | 03/04 |
| Dr. Arun Bordia | 06/04 |
| Sh. Ashok Rathod | 06/04 |
| Dr. Sujjan Singh | 10/04 |
| Sh. R.C. Mehta | 11/04 |
| Sh.Hemant Bohra | 12/04 |
| Shri B.M. Dixit | 17/04 |
| Sh.T.P. Paliwal | 25/04 |

**May**

| | |
|---|---|
| Sh. HL Pagaria | 03/05 |
| Dr. J.K. Doshi | 07/05 |
| Sh. Pradeep Bapna | 08/05 |
| Sh. S.N. Joshi | 11/05 |
| Dr. TC Jain | 15/05 |
| Sh. LN Sharma | 18/05 |
| Smt.Kaushlya Roongta | 20/05 |
| Dr. SS Pokharna | 24/05 |
| Sh. Nitin Kothari | 24/05 |
| Sh. BL Pokharna | 27/05 |
| Prof.Lalit Pandey | 30/05 |







डॉ. प्राची अविनाश भटनागर का जन्मदिन 4 मार्च को समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## विज्ञान समिति के अप्रेल माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 16 अप्रेल 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम | शुक्रवार 07 अप्रेल एवं 21 अप्रेल | |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ एवं प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ साझा बैठक ''संगोष्ठी : मानवोत्थान रश्मियाँ'' | मंगलवार 08 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | सोमवार 10 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | गुरूवार 20 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | शनिवार 29 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ पृथ्वी दिवस – प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ द्वारा | शनिवार 22 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

**अपील**

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**